बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

# विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# विद्युत कार्य प्रमंडल, गया।

पत्रांक– ____________

प्रेषक,

रमेन्द्र कुमार,
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, गया।
भवन निर्माण विभाग।

सेवा में,

Skyheart Pvt. Ltd.
C/o-Md. Sultan Ahmed, Moghalpura,
Choti Bazar, Opp.-Jama Masjid, Patna
Bihar-800008
Email-happysing1750@gmail.com
Mob.-8709491750

दिनांक– ______________

विषय :– Supply, Installation, testing and commissioning of total 03 No. of Lift of different capacity and type on steel frame structure along with five years operation and maintenance at Bihar Institute of Public Administration & Rural Development (BIPARD), Gaya, Distt-Gaya कार्य हेतु DEBAR करने के संबंध में।

प्रसंग– (1) मुख्य विद्युत अभियंता, भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–444(वि0), दिनांक–10.05.2023
(2) इस कार्यालय का पत्रांक–337, दिनांक–01.07.2023, पत्रांक–415, एवं दिनांक–27.07.2023 एवं पत्रांक–472, दिनांक–19.08.2023
(3) विपार्ड, गया का पत्रांक–6065, दिनांक–12.08.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कार्य के संबंध में इस कार्यालय के प्रसंगाधीन पत्रांक–337 दिनांक–01.07.2023 के माध्यम से आपको औपबंधिक कार्यादेश निर्गत किया गया है जिसकी कार्य पूर्ण की अवधि तीन माह निविदा शर्त के अनुसार है। इस संदर्भ में इस कार्यालय के पत्रांक–415, दिनांक–27.07.2023 एवं पत्रांक–472, दिनांक–19.08.2023 के द्वारा निविदा शर्तो के अनुरूप निर्धारित कार्य अवधि के समानुपातिक कार्य निष्पादन नहीं करने के कारण आपको अविलम्ब योजना स्थल पर स्टील फ्रेम एवं लिफ्ट का सामान आपूर्ति कर कार्य आरंभ करने हेतु निदेश दिया गया था किंतु फलाफल आज तक शून्य है। विदित हो कि विपार्ड, गया के प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से भी आपको अविलंब कार्य प्रारंभ कर पूर्ण करने हेतु निदेश दिया गया है। साथ ही, महानिदेशक, विपार्ड के द्वारा नियमित रूप समीक्षा बैठक में विषयांकित कार्य के पूर्णता हेतु निदेश दिया जा रहा है। इस संदर्भ में कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत कार्य प्रशाखा, गया के द्वारा भी अनेकों बार आपको कार्य प्रारंभ कर इसे पूर्ण करने हेतु निदेश दिया गया है। यह अत्यंत खेदजनक है कि मौखिक एवं लिखित रूप से प्रशासी एवं विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बारंबार निदेश देने के बावजूद आपके द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है जिसके कारण सरकार के महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वन में विलंब हो रहा है।

अतः विषयांकित कार्य में अनेकों बार मौखिक एवं लिखित निदेश दिये जाने के बावजूद कार्य की धीमी प्रगति, आपके उदासीनता, अव्यवहारिकता एवं सरकार के महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वन में विलंब करने के फलस्वरूप अभियंता प्रमुख सह अपर आयुक्त सह विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग के पत्रांक–1333(भ0), दिनांक–06.02.2015 के आलोक में पत्र निर्गत की तिथि से विषयांकित कार्य समाप्ति तक अगले किसी निविदा में भाग लेने से आपको DEBAR किया जाता है एवं निदेश दिया जाता है कि अविलंब उक्त कार्य को पूर्ण सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन,
ह0 / –
(रमेन्द्र कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, गया
भवन निर्माण विभाग।

ज्ञापांक–.....490....../गया, दिनांक–.....26.08.2023

प्रतिलिपि–विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपि–मुख्य विद्युत अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपि– अभियंता प्रमुख –सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26.08.23

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, गया
भवन निर्माण विभाग।